Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of Rajasthan Sabarmati link Canal.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले
अंतर्गत धानेरा, दांतीवाडा, लाखनी, डीसा, थराद, अमीरगढ, दांता, पालनपुर और दीयोदर तहसीलों में भूग
जल स्तर काफी नीचे है और यह भूजल स्तर निरंतर नीचे जाता ही जा रहा है। यदि हम भूजल के वर्तमान स्त
की बात करें, तो यहां हजार फुट पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है। यह अपने आपमें एक जटिल एवं विकरा
समस्या का रूप ले रही है और किसान इस समस्या के कारण त्रस्त हैं। इसी वजह से किसानों को सिंचाई
लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ मैं स्वयं भी एक किसा
हूं, इस नाते मैं किसानों की यह पीड़ा को भलीभांति महसूस कर सकता हूं।

महोदय, मेरा यह क्षेत्र किसान बहुल है और यहां के सभी किसान कृषि और पशुपालन के व्यवसाय
जुड़े हुए हैं और इनके पास आय का दूसरा कोई श्रोत भी नहीं है। इसलिए जीविकोपार्जन के साधन जुटाने
भी अनेक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

भारत में भूजल भण्डार के लगातार कम होने की चिंता को दूर करने के लिए हमारी सरकार द्वा
अटल भूजल योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से देश
प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भूजल प्रबंधन में सुधार करना है। इसी योजना के अंतर्गत राजस्थान साबरमती लिं
कैनाल को बनाए जाने का प्रावधान रखा गया है। यदि इस कैनाल का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाए,
मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त बताए गए तहसीलों में पानी की सिंचाई का एक नया श्रोत मिल जाएगा, जिसव
लाभ यहां के किसानों को मिलेगा और एक जटिल समस्या का कुछ हद तक निवारण भी हो सकेगा।

महोदय, इस कैनाल के साथ हमें और भी सिंचाई के साधन को तलाशना होगा, जिससे कि इस समस
का पूर्णतः निवारण हो जाए। अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है की मेरे संसदीय क्षे
में सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।